# कलेक्टर ने प्राथमिक शाला और आंगनवाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 14 अगस्त.** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने शुक्रवार को बैतूल विकासखंड के ग्राम खड़ला स्थित शासकीय एकीकृत प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने विद्यालय परिसर में जर्जर भवन को तत्काल डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए। स्कूल में बालक एवं बालिका शौचालय अव्यवस्थित एवं परिसर में गंदगी पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सब इंजीनियर एवं प्राचार्य को व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही सरपंच एवं सचिव को विद्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर रखने के लिए निर्देशित किया।

**बच्चों से पूछे नदियों के नाम और उद्गम स्थल :** इसके बाद कलेक्टर ने शासकीय एकीकृत प्राथमिक माध्यमिक शाला खेड़ला का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता परखी। कलेक्टर ने बच्चों से भारत की प्रमुख नदियों के नाम एवं उनके उद्गम स्थल, बैतूल जिले की प्रमुख नदी तथा महाद्वीप से संबंधित प्रश्न पूछे। बच्चों द्वारा दिए गए उत्तरों को सुनकर उन्होंने उनकी शैक्षणिक जानकारी का जायजा लिया।

**सचिव को दिये भवन की मरम्मत के निर्देश :** विद्यालय भवन की छत एवं दीवारों पर सीपेज पाए जाने पर कलेक्टर ने पंचायत सचिव को शीघ्र आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएमएस परीक्षा की तैयारियों के संबंध में प्राचार्य से जानकारी ली और विद्यार्थियों की बेहतर तैयारी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में पर्याप्त विद्युत व्यवस्था एवं विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त संख्या में बेंच उपलब्ध कराने के निर्देश प्राचार्य, सरपंच एवं सचिव को दिए। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर दर्ज बच्चों की संख्या, बच्चों को दी जा रही शिक्षा, प्रतिदिन मिलने वाले भोजन तथा कुपोषित बच्चों की स्थिति की जानकारी ली।

आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल के नल टूटे पाए जाने पर उन्होंने सुपरवाइजर को तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सरपंच एवं सचिव को भी आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वाई करने के निर्देश दिए।

## असामाजिक तत्वों पर कार्रवाही के निर्देश

इस दौरान स्कूल प्राचार्य ने कलेक्टर को स्कूल परिसर में असामाजिक तत्वों द्वारा शराब पीने की समस्या से अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार एवं कोटवार को विद्यालय परिसर में शराब पीने वाले असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने तथा ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर नामजद बाउंड ओवर की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय के आसपास पुलिस गश्त सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## बच्चों को मिल रहे भोजन की ली जानकारी

कलेक्टर डॉ सोनवणे ने आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर दर्ज बच्चों की संख्या, बच्चों को दी जा रही शिक्षा, प्रतिदिन मिलने वाले भोजन तथा कुपोषित बच्चों की स्थिति की जानकारी ली। आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल के नल टूटे पाए जाने पर उन्होंने सुपरवाइजर को तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सरपंच एवं सचिव को भी आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने आंगनबाड़ी के बच्चों से आत्मीय संवाद किया तथा उनकी गतिविधियों की जानकारी ली।

# केंद्रीय राज्यमंत्री एवं कलेक्टर ने दौड़ में की सहभागिता

**बैतूल।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन बैतूल द्वारा फ्रीडम रन—हम दौड़ेंगे, देश के लिए का आयोजन शुक्रवार को किया गया। फ्रीडम रन में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, स्कूली विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से पूरा मार्ग देशभक्ति के जोश से गूंज उठा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे, एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, सीएमओ नवनीत पांडे, जिला खेल अधिकारी श्रीमती पूजा कुरील, यातायात प्रभारी गजेन्द्र केन, कृष्णा गायकी, विक्रम वैद्य, विकास मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने दौड़ में सहभागिता कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाने की दिशा में देशभर में हर घर तिरंगा यात्रा एवं फ्रीडम रन जैसे आयोजन किए जा रहे हैं।

# महिला किसानों को मिल रही स्मार्ट कृषि सेवाएं

**बैतूल।** शाहपुर विकासखंड के गुरगुन्दा गांव में महिला किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़ने की एक अभिनव पहल के तहत जियो कृषि एप की आधारित तकनीक स्थापित की गई है। इस पहल से गांव की लगभग 200 महिला किसान सीधे लाभान्वित हो रही हैं। यह पहल स्वयमश्री परियोजना के अंतर्गत पायलट के रूप में संचालित की जा रही है, जिसे मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं प्रदान संस्था द्वारा रिलायंस फाउंडेशन और गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से लागू किया जा रहा है। इस तकनीकी पहल के माध्यम से महिला किसानों को उनकी फसलों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी नियमित रूप से उनके स्मार्टफोन में उपलब्ध हो रही है। किसान अपने द्वारा बोई गई फसलों की जानकारी मोबाइल एप्लीकेशन में दर्ज कर रही हैं और उन्हें फसल की स्थिति तथा कृषि प्रबंधन से संबंधित अपडेट प्राप्त हो रहे हैं।


## महिला किसानों को मिल रही स्मार्ट कृषि सेवाएं

**बैतूल।** शाहपुर विकासखंड के गुरगुन्दा गांव में महिला किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़ने की एक अभिनव पहल के तहत जियो कृषि एप की आधारित तकनीक स्थापित की गई है। इस पहल से गांव की लगभग 200 महिला किसान सीधे लाभान्वित हो रही हैं। यह पहल स्वयमश्री परियोजना के अंतर्गत पायलट के रूप में संचालित की जा रही है, जिसे मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं प्रदान संस्था द्वारा रिलायंस फाउंडेशन और गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से लागू किया जा रहा है। इस तकनीकी पहल के माध्यम से महिला किसानों को उनकी फसलों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी नियमित रूप से उनके स्मार्टफोन में उपलब्ध हो रही है।



IDBI BANK

CIN No: L65190MH2004GOI148838

**आईडीबीआई बैंक लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय:** आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400005

**घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई टिकटों की बुकिंग के लिए ट्रैवल एजेंसी की सूचीबद्धता**

बैंक के कर्मचारियों (अखिल भारतीय स्तर पर) के लिए घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय हवाई टिकटों की बुकिंग हेतु ट्रैवल एजेंसी की सूचीबद्धता के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अधिक जानकारी के लिए 022-66194079 / 66194226 पर संपर्क करें। **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 अगस्त 2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक है।** विस्तृत जानकारी के लिए बैंक की वेबसाइट **www.idbi.bank.in** पर **Notices & Tenders** अनुभाग देखें। उपरोक्त के संबंध में जारी होने वाले किसी भी संशोधन/शुद्धिपत्र की सूचना केवल बैंक की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। अलग से समाचार पत्रों में कोई सूचना जारी नहीं की जाएगी।

ह/-

उमप्र (प्रशासन)


## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**बैतूल।** बोरदेही थाना क्षेत्र के कचरबोह निवासी 30 वर्षीय युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हेमंत इवने ने अज्ञात कारणों से जहर खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों के अनुसार हेमंत ने मुलताई बस स्टैंड पर जहरीला पदार्थ खाया था। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर भोपाल रेफर किया। परिजन उसे भोपाल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। गुरुवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। युवक ने जहरीला पदार्थ क्यों खाया, इसका कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम डूडा बोरगांव में 25 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। युवक का शव उसके घर में पड़ा मिला। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच शुरू की। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। कोतवाली थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया ने बताया युवक संजू कुमरे की मौत किन परिस्थितियों में हुई। इसका फिलहाल स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा। पुलिस परिजनों और अन्य लोगों से जानकारी जुटा रही है।

## सूअर के शिकार के आरोपी को छह माह की सजा

**बैतूल।** धसेड़ में खेत के चारों ओर करंट लगाकर जंगली सूअर का शिकार करने वाले आरोपी को बैतूल न्यायालय ने छह माह के कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। मामला करीब चार साल पुराना है। जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल 2022 को ग्राम धसेड़ निवासी राकेश उइके ने अपने खेत के चारों ओर करंट प्रवाहित किया था। करंट की चपेट में आने से जंगली सूअर की मौत हो गई। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मृत जंगली सूअर का पंचनामा बनाकर उसे जब्त किया। पूछताछ में राकेश ने खेत के चारों ओर करंट लगाने की बात स्वीकार की। वन विभाग ने आरोपी के खिलाफ वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत अपराध दर्ज किया। जांच पूरी करने के बाद परिवाद पत्र न्यायालय में पेश किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने आरोपी राकेश को जंगली सूअर के शिकार का दोषी माना और छह माह के कारावास तथा 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई।

## आरएसके कार्यालय पहुंचे केंद्रीय मंत्री डी .डी . उइके

**बैतूल।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री डी.डी. उइके शुक्रवार को बैतूल स्थित ऋच्य कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सौहार्दपूर्ण भेंट की और उन्हें 79वें स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देशभक्ति, त्याग और बलिदान की गौरवशाली परंपरा की याद दिलाता है। आरएसके कार्यालय आमजन की सेवा से जुड़ा महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यालय परिसर से तिरंगा यात्रा भी निकाली गई। इसमें अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों से माहौल गूंज उठा। समापन पर उपस्थित लोगों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए।

## निजी स्कूलों की फीस प्रतिपूर्ति जल्द होगी, वन क्लिक से होगा भुगतान

**बैतूल।** प्रदेश के निजी स्कूलों को निशुल्क बच्चों की पढ़ाई के एवज में मिलने वाली फीस प्रतिपूर्ति राशि का इंतजार है। इसी को लेकर बैतूल की अशासकीय वेलफेयर सोसाइटी और भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के सदस्यों ने केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके को ज्ञापन सौंपकर फीस प्रतिपूर्ति सहित अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की। मामले में केंद्रीय राज्य मंत्री उइके ने तत्काल मध्यप्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप से दूरभाष पर चर्चा कर निजी स्कूल संचालकों की समस्या से अवगत कराया और शीघ्र समाधान का आग्रह किया।

## पीटी शिक्षक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बैतूल।** मासोद निवासी 28 वर्षीय पीटी शिक्षक नितेश सूर्यवंशी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने के बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए भोपाल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में एंबुलेंस में ही उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद परिजन शव को बैतूल जिला अस्पताल ले गए, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव उन्हें सौंप दिया गया। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार, नितेश को तबीयत बिगड़ने के बाद साथियों ने छिंदवाड़ा जिले में निजी अस्पताल में भर्ती कराया था।


